## खास खबरें

### मंदिर में चोरी

**नप्र, भोपालः** भोपाल के अशोका गार्डन थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 432/26 धारा 331(3), 305(बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। फरियादी निधि वर्मा पति मनोज वर्मा (52) ने शिकायत की कि पीतांबरा शक्तिपीठ मंदिर से अज्ञात आरोपी शटर खोलकर चांदी का लोटा व चम्मच चोरी कर ले गए। पुलिस जांच कर रही है।

### मकान से सिलेंडर व नकदी चोरी

बागसेवनियां थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 589/26 धारा 305(ए) बीएनएस में मामला दर्ज किया। फरियादी मौसमी नियोगी पति संदीप नियोगी (55) की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ तीन गैस सिलेंडर और 20 हजार रुपये चोरी करने का केस दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

### पल्सर बाइक चोरी

कमला नगर थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 381/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। फरियादी सिद्धार्थ पिता नंदलाल ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी उनकी नई पल्सर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। पुलिस वाहन और आरोपी की तलाश में जुटी है।

### लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर

कोहेफिजा थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 559/26 धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। फरियादी नईम खान की शिकायत है कि आरोपी ने तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मार दी। मामले की जांच जारी है।

### एंबुलेंस चालक पर केस

कोहेफिजा थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 561/26 धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत एंबुलेंस क्रमांक एमपी-02-एवी-7712 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। फरियादी पूजा अहिरवार पति ऋतिक अहिरवार (29) ने लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारने की शिकायत दर्ज कराई।

### कार चालक पर प्रकरण

चूनाभट्टी थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 271/26 धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत कार क्रमांक एमपी-13-जेसी-7207 के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। फरियादी विकास मिश्रा ने तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने की शिकायत दर्ज कराई।

### अवैध छुरी के साथ गिरफ्तार

कजलीखेड़ा थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 322/26 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत आशीष तोमर पिता बहादुर सिंह (34) को अवैध छुरी रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। कार्रवाई डी-मार्ट कलारी के पास की गई।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने पर कार्रवाई

कोहेफिजा थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 560/26 धारा 36-बी आबकारी अधिनियम के तहत ज्वाला प्रसाद के विरुद्ध सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने का मामला दर्ज किया।

### पति पर मारपीट का आरोप

अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 146/26 धारा 296(बी), 118(1), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। फरियादी प्रियंका रजक ने आरोप लगाया कि पति धर्मेंद्र रजक ने मारपीट और धमकी दी।

### काम को लेकर विवाद

कोलार थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 459/26 धारा 296(बी), 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। फरियादी पुष्पेंद्र अहिरवार की शिकायत पर आरोपी आमिर खान के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का केस दर्ज हुआ।

### पुरानी रंजिश में मारपीट

चूनाभट्टी थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 270/26 धारा 296(बी), 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। फरियादी छोटे सिंह की शिकायत पर आरोपी दीपू चौहान के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का प्रकरण कायम किया गया।

### दहेज प्रताड़ना

महिला थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 355/26 धारा 85, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

# साधना में प्रयत्न और कृपा में प्रतीक्षा चाहिएः दीदी मंदाकिनी





**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रतिष्ठा आयोजन तुलसी जयंती समारोह के अंतर्गत द्वितीय दिवस दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर ने किष्किंधा काण्ड के संपाती प्रसंग का विश्लेषण करते हुए बताया कि साधना के जीवन में कृपा और पुरुषार्थ दोनों में सामंजस्य होना चाहिए। श्री हनुमान के साथ समस्त बंदरों ने श्रीसीताजी की अन्वेषण यात्र में आँख खोलकर पूरा पुरुषार्थ किया। उनकी संपूर्ण यात्रा में विवेक, विचार और प्रयास सक्रिय दिखाई दे रहा है। पर समस्त प्रयत्न के बाद जब पुरुषार्थ फलीभूत नहीं हो पाया, तब वहां पर्वत की तलहटी में एक गुफा में सुन्दर मंदिर में तपोमूर्ति देवी स्वयंप्रभा ने जैसा संदेश दिया "मूदँऊ नयन विबर तजि जाऊ।"

नेत्र बंद करके प्रभु की कृपा पर पूर्ण विश्वास रख कर प्रतीक्षा कीजिए, सफलता अवश्य मिलेगी। स्वयंप्रभा के आदेश का अक्षरषः पालन तो एक मात्र हनुमानजी महाराज ने किया। यहां आंखे मूंदने का तात्पर्य अपने भीतर देखना है जो अपने भीतर देखना जानते है वे न केवल सफल होते है बल्कि दूसरों को राह दिखाते हैं। अर्थात् जब जीवन में प्रतिकूलता आने पर विश्वास मिटता है। ऐसा व्यक्ति अवसाद से अनेक मानसिक रोगों से ग्रस्त हो जाता है। आपने कहा कि भगवान शिव भी श्रीराम के ध्यान में रहते हैं। इसलिए उनके इस स्वरूप का पूजन अभिषेक का भी यही फल है। श्रावण मास में भगवान षिव की आराधना करके उनसे यही सुमति और विष्वास के लिये प्रार्थना करना चाहिए जो एक लोटा जल चढ़ाए उसमें श्रद्धा और प्रीति का जल होगा तो निष्चित रूप से आपकी सारी समस्या का हल निकल आएगा। किष्किंधा काण्ड के बड़े शुभ और रोचक प्रसंग की चर्चा सुनकर सारे रसिक और प्रबुद्ध श्रोता भाव विभोर हो गए। मुख्य आतिथ्य के संबोधन में प्रियंक मिश्र ने कहा कि ईश्वर की कृपा से सत्संग का सुअवसर मिलता है। इसे प्राप्त कर हम अपना मार्ग प्रश्स्त कर सकते है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा पूज्य मंदाकिनी जी द्वारा रचित राम और काम जो अग्रेंजी में है उनका विमोचन किया गया। कथा प्रसंग में रघुनंदन शर्मा, कार्याध्यक्ष, राजेन्द्र शर्मा, संयोजक, प्रभुदयाल मिश्र, प्रधान संपादक तुलसी मानस भारती, माधवसिंह दांगी, देवेन्द्र कुमार रावत, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र रावत ने किया।

## मोबाइल नंबर बदलकर खाते से 58 लाख रुपए उड़ाए

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रिश्तेदारी के भरोसे का फायदा उठाकर 58 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने अपने रिश्तेदार के बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर बदलवाकर नेट बैंकिंग और यूपीआई के माध्यम से पूरी राशि अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दी।

मामले का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ित परिवार बैंक से राशि निकालने पहुंचा और खाते में जमा पूरी रकम गायब मिली। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सैथरी निवासी प्रमोद शर्मा के अनुसार वर्ष 2011 में उनके पिता ने पैतृक भूमि बेचने के बाद प्राप्त 58 लाख रुपये बैंक ऑफ इंडिया की दीनदयाल नगर शाखा स्थित खाते में जमा कराए थे। पिछले दो वर्षों से उनके मामा का नाती कुशल डंडोतिया परिवार के संपर्क में था और घर आता-जाता था।

# राज्यपाल ने किया 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन, अरेरा कॉलोनी द्वारा नीलबड़ स्थित सुख-शांति भवन मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर में रविवार को '10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान' का राज्य स्तरीय शुभारंभ मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, वरिष्ठ राजयोगिनी बीके नीता दीदी, बीके पंचशीला दीदी, बीके रेखा दीदी, बीके आराधना बहन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राज्यपालमंगुभाई पटेल ने कहा कि नशे की समस्या का स्थायी समाधान केवल दंड या उपचार नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना का विकास है।

उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्थान की नशामुक्ति, चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों के क्षेत्र में की जा रही सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने गरीब और कमजोर वर्ग को नशे की गिरफ्त से बचाने को समाज की बड़ी जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में बीके नीता दीदी ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसे जनजागरण का राष्ट्रीय अभियान बताया। अवधेश प्रताप सिंह ने जीवन मूल्यों और आध्यात्मिक जीवनशैली की आवश्यकता पर बल दिया, जबकि मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने शासन और समाज के संयुक्त प्रयासों से नशामुक्त भारत के निर्माण का आह्वान किया। बीके आराधना बहन ने सभी को राष्ट्रीय नशामुक्ति प्रतिज्ञा दिलाई तथा बीके हेमा बहन ने राजयोग मेडिटेशन कराया। अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का टू-वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रेरक संदेश प्रसारित हुआ, जिसमें उन्होंने सामूहिक प्रयासों को नशामुक्त भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया।

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर तीन दिवसीय शिल्प महोत्सव का आयोजन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान, मध्य प्रदेश (एनआईडी एमपी) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के संयुक्त सहयोग से 7 से 9 अगस्त तक राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में 'धागा एक पहचान - थ्रेड्स ऑफ आइडेंटिटी' विषय पर तीन दिवसीय आयोजन होगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से 25 से अधिक मास्टर शिल्पकार भाग लेंगे। आगंतुकों को कलमकारी, चंदेरी, चिकनकारी, मधुबनी, फुलकारी, ब्लॉक प्रिंटिंग, कालीन बुनाई सहित अनेक पारंपरिक शिल्पों का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा। आयोजन में कार्यशालाएं, शिल्प संवाद, प्रदर्शनी, जनजातीय नृत्य और फूड स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 9 अगस्त को समापन समारोह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित होगा।



# 'छूकर मेरे मन को...' में गूंजे किशोर के सदाबहार गीत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** महान पार्श्वगायक किशोर कुमार की जयंती पर रविवार को रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में आयोजित संगीतमय कार्यक्रम 'छूकर मेरे मन को...' ने श्रोताओं को स्वर्णिम फिल्म संगीत के दौर में पहुंचा दिया।

केकेएफसी म्यूजिक इंडिया एवं किशोर कुमार फैंस क्लब द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने किशोर कुमार के अमर गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

डॉ. कुमार राजेश ने 'छूकर मेरे मन को... ', 'नीले-नीले अंबर पर...' और 'ये क्या हुआ..' प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। अजय मिश्रा, आर.के. बरेले, मिहिका, अमीषा मालवीय, राजेंद्र मालवीय, नरेश कुमार, राधिका मिश्रा, डॉ. संजय पोफली, अजय श्रीवास्तव, डॉ. टी.एन. दुबे और उत्सव पारे ने भी एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में रितुल हजारिका, दीप चौधरी, निखिल, मुकेश कटारे, शहनाज और जितेंद्र ने वाद्ययंत्रों पर प्रभावशाली संगत दी, जिससे संगीतमय शाम यादगार बन गई।

# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत : कृष्णा गौर



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

उन्होंने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' में कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी है और यदि युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करें तो देश के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि व्यसन व्यक्ति की सोच, निर्णय क्षमता और पारिवारिक जीवन को प्रभावित करता है, इसलिए नशा मुक्ति केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का विषय है।

श्रीमती गौर ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों ने नशामुक्त समाज के निर्माण तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सामूहिक शपथ ली।

# खुले में मांस विक्रय पर निगम की कार्रवाई 85 प्रकरणों में वसूला 15,700 रुपये जुर्माना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम ने शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए खुले में मांस विक्रय करने वाले व्यवसायियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन क्रमांक 17 के वार्ड 77 और 78 में निरीक्षण किया, जहां पांच मांस विक्रेताओं की दुकानों पर बिना ढके मांस बेचा जाता पाया गया। साथ ही दुकानों में साफ-सफाई के मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। इस पर निगम ने पांच प्रकरण दर्ज कर संबंधित व्यवसायियों से कुल पांच हजार रुपये का स्पॉट फाइन वसूला।

इसके अलावा नगर निगम ने शहर के विभिन्न जोनों में गंदगी फैलाने और सफाई व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की। जोन 13, 14, 15 और 16 में कुल 80 प्रकरण दर्ज कर 10 हजार 700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार पूरे अभियान के दौरान 85 मामलों में कुल 15 हजार 700 रुपये की स्पॉट फाइन की राशि वसूल की गई।

नगर निगम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। निगम ने व्यवसायियों से खाद्य सामग्री को स्वच्छ एवं ढककर रखने, सफाई मानकों का पालन करने और नगर निगम के नियमों का पालन करने की अपील की है। साथ ही नागरिकों से भी शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया गया है।

# सभी संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने राज्य के सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों के लिए नियमितीकरण नीति लागू करने की मांग उठाई है।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कहा कि ऊर्जा विभाग ने बिजली कंपनियों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए जो नीति बनाई है, उसी तरह प्रदेश के सभी 54 विभागों में भी समान व्यवस्था लागू की जानी चाहिए।

ज्ञापन में बताया गया कि बिजली विभाग की नई नीति के तहत पात्रता परीक्षा और सेवा अनुभव के आधार पर नियमित पदों पर नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। महासंघ का कहना है कि संविदा कर्मचारियों की भर्ती और कार्य नियमित कर्मचारियों के समान होते हैं, लेकिन उन्हें वेतन और अन्य सुविधाएं काफी कम मिलती हैं।

संगठन ने आरोप लगाया कि वर्षों तक सेवा देने के बावजूद संविदा कर्मचारी सीमित वेतन पर ही कार्य करते रहते हैं। महासंघ ने सरकार से वर्ष 202× की संविदा नीति के स्थान पर नियमितीकरण नीति लागू कर संविदा कर्मचारियों को समान अधिकार और सुविधाएं देने की मांग की है।

# 72 घंटे के 'श्री झूलेलाल ग्रंथ साहिब' अखंड पाठ का आज समापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** भोपाल में पहली बार अहमदाबाद अमर धाम आश्रम से विश्वभर में प्रचारित 'वरुण अवतार अमरकथा - श्री झूलेलाल ग्रंथ साहिब' का 72 घंटे का अखंड पाठ आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय पाठ 1 अगस्त को सायं 5 बजे राजावीर मंदिर, इसरानी मार्केट, भोपाल में प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पाठ किया।

अखंड पाठ का समापन 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे संत साईं लालदास के सानिध्य में होगा। समापन अवसर पर भोग साहिब, आरती एवं पल्लव साहिब का आयोजन राजावीर मंदिर में संपन्न किया जाएगा। 3 अगस्त को ही रात्रि 8 बजे वैभव मैरिज गार्डन, नयापुरा, कोलार रोड, भोपाल में साईं लालदास जी के प्रवचन एवं सत्संग का आयोजन भी रखा गया है।

# नेत्र शिविर : 190 की जांच, 60 का होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

### छोला रोड गणेश मंदिर क्षेत्र में सेवासदन लगाया शिविर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा भोपाल उत्सव मेला समिति के सहयोग से पुराने भोपाल के छोला रोड स्थित गणेश मंदिर में नि:शुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 190 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 108 पुरुष और 76 महिलाएं शामिल रहीं।



जांच के दौरान 60 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें एंबुलेंस के माध्यम से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ले जाकर भर्ती किया गया। जिन लोगों में मोतियाबिंद की समस्या नहीं मिली, उन्हें नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। साथ ही सभी मरीजों का ब्लड प्रेशर और मधुमेह की भी जांच की गई। समिति द्वारा बारिश में हर साल 10 नेत्र शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में यह सातवां शिविर था। अगला शिविर रविवार, 9 अगस्त 2026 को आर्य भवन, गौतम नगर, भोपाल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर शिविर संयोजक नारायण सिंह कुशवाह, गणेश मंदिर समिति के राजेश यादव, अमित बाजपेयी, हरीनारायण पंथी, राधेश्याम चौरसिया, कैलाश मालवीय, भोउमेस के चंद्रशेखर सोनी, कमल जैन, श्वेता जैन, सहित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक भगवानदास सबनानी ने किया पौधारोपण, मेधावियों का सम्मान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने रविवार को विभिन्न सामाजिक और जनहित कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद आर्य समाज मंदिर में निर्माण परिवर्तन की ओर समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में शामिल होकर विद्यार्थियों का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विधायक सबनानी ने डॉ. गांगुली योग विद्यापीठ संस्था के गुरु सम्मान एवं राज्य स्तरीय जीवन शैली कार्यक्रम में भी सहभागिता की।

## नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई, सात ठेले और तीन जालियां जब्त

**नप्र, भोपालः** नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाइन, महापौर हेल्पलाइन और अन्य शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए सड़कों, फुटपाथों और नालियों पर किए गए अवैध कब्जे हटाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं. मोहमद अज़हर सईद खान, आत्मज श्री मोहमद सईद खान, पता- 1186/ए, ए-सेक्टर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, नबीबाग, भोपाल, म.प्र., कि मेरी 10वीं की मार्कशीट में मेरा नाम त्रुटिवश मोहमद अज़हर दर्ज है, मोहमद अज़हर और मोहमद अजहर सईद खान दोनों एक, ही व्यक्ति हैं। भविष्य में, मुझे सभी कामों के लिए सिर्फ़ मोहमद अज़हर सईद खान के नाम से जाना जाएगा।

1156